प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

30 जून 2021

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार विनियोजन – मई 2021

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो मई 2021 माह हेतु सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[1] वृद्धि मई 2020 में 6.1 प्रतिशत की तुलना में मई 2021 में 5.9 प्रतिशत रही।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों को प्रदत्त ऋण में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें मई 2020 में 5.2 प्रतिशत की तुलना में मई 2021 में 10.3 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि मई 2020 में 1.7 प्रतिशत से मई 2021 में घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई। आकार-वार, मई 2021 में मझोले उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 45.8 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक वर्ष पहले उसमें 5.3 प्रतिशत की कमी आई थी। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि मई 2021 में बढ़कर 5.0 प्रतिशत हो गई जिसमें एक वर्ष पहले 3.4 प्रतिशत की कमी आई थी, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में मई 2021 में 1.7 प्रतिशत की कमी आई जिसमें एक वर्ष पहले 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

- उद्योग के भीतर, 'खनन और उत्खनन', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कपड़ा', 'रत्न और आभूषण', 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', तथा 'रबर, प्लास्टिक और उसके उत्पादों' हेतु प्रदत्त ऋण में मई 2021 में गत वर्ष के इसी माह की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'पेट्रोलियम कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'वाहन, वाहन के पुर्जो और परिवहन उपकरण' 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', तथा 'निर्माण' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि मई 2020 में 10.3 प्रतिशत से मई 2021 में घटकर 1.9 प्रतिशत रह गई, जो मुख्य रूप से एनबीएफ़सी, परिवहन ऑपरेटर और वाणिज्यिक स्थावर संपदा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में गिरावट आने की वजह से है। हालांकि, व्यापार खंड को प्रदत्त ऋण में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें एक वर्ष पहले के 7.7 प्रतिशत की तुलना में मई 2021 में 12.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई।

- व्यक्तिगत ऋणों में एक वर्ष पहले के 10.6 प्रतिशत की तुलना में मई 2021 में 12.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से वाहन ऋणों और क्रेडिट कार्ड बकाया में तेज वृद्धि होने की वजह से है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/458

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा - 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।